an>

Title : Demand to repeal Citizenship (Amendment) Act and to release the alleged imprisoned students from jails.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा) : सभापति महोदय, आपका धन्यवाद । पिछले दिनों सरकार ने किसानों के खिलाफ जो तीन … * कृषि कानून थे, उनको वापस लिया । देश भर में शांतिपूर्वक आंदोलन चल रहे थे । उनके ऊपर झूठे मुकदमे भी लिखे गए । सरकार ने इन-राइटिंग यह भी कहा है कि वे मुकदमे वापस होंगे । मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि सीएए का जो कानून सरकार लेकर आई, उसके खिलाफ देश भर में शांतिपूर्वक आंदोलन चले । जामिया मिल्लिया इस्लामिया से लेकर जेएनयू, सारे विश्वविद्यालय और खास तौर पर महिलाओं ने जो आंदोलन चलाया, शाहीन बाग की बूढ़ी महिलाओं ने आंदोलन चलाया, ऐसा शांतिपूर्वक और इतना लंबा आंदोलन, हिन्दुस्तान के इतिहास में बहुत कम हुआ है ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि वक्त रहते सीएए का जो कानून है, उसको वापस लिया जाए । उन लोगों को दोबारा आंदोलन के लिए न सड़कों पर निकाला जाए । मैं आपके माध्यम से सरकार से यही कहना चाहता हूं कि उस आंदोलन के दौरान यूएपीए जैसे झूठे मुकदमों में लोग बंद हैं, खास तौर से जो स्टूडेंट्स यूथ एक्टिविस्ट्स हैं, जो जेलों में सड़ रहे हैं, उनको तुरंत रिहा किया जाए । प्रधान मंत्री जी को माफी मांगनी चाहिए । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप स्लिप्स भेज दीजिए ।

… (व्यवधान)

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले) : सर, ऐसे तो पार्लियामेंट का काम करना बंद हो जाएगा । … (व्यवधान)